दिनांक : 13.08.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्राओं का आयोजन, मुख्यमंत्री इन्दौर में, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा और रायसेन में हुए शामिल।
- मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति शपथ समारोह में लिया हिस्सा,कहा नशामुक्त मध्यप्रदेश के लिए सरकार करेगी हरसंभव प्रयास।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 31 अगस्त को करेंगे अपने विचार साझा।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिर होगा शुरू, 6 जिलों में भारी बारिश का आरेंल अलर्ट।

## हर घर तिरंगा मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत इंदौर में 'तिरंगा यात्रा' का नेतृत्व किया। उनके साथ मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. ने मुख्यमंत्री निवास पर स्वयं तिरंगा फहराया और सेल्फी भी ली। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को दिए संदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान से पूरे देश में देशभक्ति का वातावरण बना है। प्रदेश में हर गांव, वार्ड, विकासखंड, तहसील और जिला स्तर पर उत्साह-उमंग से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गतिविधियां जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आहवान भी किया।

## हर घर तिरंगा शिवराज

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा और रायसेन जिले में आयोजित तिरंगा यात्रा और स्वदेशी मार्च में शामिल हुए । उन्होनें विदिशा में स्वसहायता समूह की बहनों से राखी बंधवाई। यहां आयोजित स्वसहायता समूह की महिलाओं के उन्मूखीकरण कार्यकम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प करना चाहिए।

## प्रदेश हर घर तिरंगा

प्रदेश में हर घर तिरंगा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। आज केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बागसेवनिया में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बैतूल में आज विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इसमें हिस्सा लिया। झाबुआ महिलाओं की तिरंगा महारैली का आयोजन किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। नीमच में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ने भादवमाता में श्री राजराजेश्वरी वेद पाठशाला के विद्यार्थियोंके साथ तिरंगा यात्रा निकाली। शिवपुरी जिले के सतनवाडा और सुभाषपुरा में आज भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसी तरह कटनी जिले के समस्ति आंगनवाड़ी केंद्रों में कल 'हर घर तिरंगा' और 'स्वच्छता अभियान' के तहत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देवास में भी आज कलेक्टर ऋतुराज सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई।

## नशा मुक्त अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशा परिवार, समाज और देश की खुशहाली और समृद्धि को कई गुना पीछे ले जाता है। मुख्यमंत्री भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ये बात कहीं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 5 वर्ष पहले की थी। नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया।

**प्रधानमंत्री - मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अगस्त को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 125वीं कड़ी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माय गाव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने विचार भेजे जा सकते हैं। मन की बात के आगामी अंक के लिए सुझाव इस महीने की 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएँगे।

विभाजन विभीषिका दिवस

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के  केंद्रीय संचार ब्यूरो, और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम की आज शुरुआत हुई। इसका  शुभारम्भ महापौर मालती राय ने महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय, के सभागार में किया । उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी हमारी नई पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर तिरंगा रैली भी निकाली गई । इसी तरह नरसिंहपुर में भी केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने स्वतंत्रता दिवस और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया ।

**स्वतंत्रता दिवस**

पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली के लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 210 पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में मेजबानी करेगा। इसमें नोडल अधिकारियों के साथ, कुल 425 प्रतिभागी इस समारोह में शामिल होंगे। इन विशिष्ट अतिथियों के लिए कल एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय "आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान" है,।

**तीर्थ यात्रा मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आज उज्जैन से तीर्थ यात्रियों को अयोध्या ले जाने वाली ट्रेन को भोपाल से वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित उज्जैन और आगर-मालवा के तीर्थयात्रियों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा है कि सनातन संस्कृति में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैनी से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी का पुण्य अर्जित करने प्रस्थान कर रहे तीर्थ यात्री बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2018 से आरंभ तीर्थदर्शन योजना का प्रतिवर्ष का बजट लगभग 50 करोड़ रूपए से अधिक है। तीर्थदर्शन योजना में हवाई यात्रा के माध्यम से भी तीर्थ कराने की व्यवस्था है।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा पार्ढुना जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश होने की संभावना है। इस बीच कल उमरिया, कटनी और डिण्डोरी जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। उमरिया में सर्वाधिक 4 दशमलव 8 इंच बारिश हुई।

- भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की फुल ड्रेस परेड और फाइनल रिहर्सल आज आयोजित हुई।
- जिला पंचायत रीवा और कटनी जिले में आज पंचायत उन्नति सूचकांक वर्ष 2022–23 का विमोचन और प्रचार–प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- नीमच में रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय की कार्यकारणी समिति की बैठक कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

----------------